NSW GOVERNMENT

health.nsw.gov.au

एन एस डब्ल्यू में COVID-19 के टीके AstraZeneca (ChAdOx1-S) की जानकारी

जानकारी 25 मार्च 2021 को नवीकृत की गई थी

यह जानकारी पत्र केवल COVID-19 के टीके AstraZeneca (ChAdOx1-S) के बारे में है। यह दो टीकों का एक कोर्स है। दूसरा टीका पहले टीके के लगभग 12 सप्ताह बाद लगाया जाएगा। टीका आपकी बाज़ू के ऊपरी भाग में लगाया जाएगा।

मेरे लिए COVID-19 का टीका लगवाना महत्त्वपूर्ण क्यों है?

COVID-19 से ग्रस्त होना घातक हो सकता है और इससे मृत्यु हो सकती है, बीमार होने पर अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है और/या चिर-काल के लिए समस्याएँ हो सकती हैं, विशेष रूप से बुज़ुर्गों और उन लोगों को जिन्हें पहले ही कोई बीमारी है।

यह संभव है कि आपको COVID-19 हो लेकिन उसके लक्षण न हों और यह बीमारी आपसे आपके परिवार, मित्रों और सहकर्मियों को हो सकती है, जिनमें से अनेक को इससे अधिक ख़तरा हो सकता है। यदि आप स्वस्थ हैं, तो भी आपको COVID-19 होने या आपके द्वारा इसके फैलाए जाने का ख़तरा कम नहीं होता।

क्या टीका लगवाने से मुझे सुरक्षा मिल जाएगी?

COVID-19 का टीका आपको COVID-19 होने की संभावना को बहुत कम कर देगा। अन्य सभी दवाइयों की ही तरह कोई भी टीका पूरी तरह से कारगर नहीं होता। टीका लगवाने पर आपके शरीर को अपनी सुरक्षा में बढ़ावा कर पाने में कुछ सप्ताह लगते हैं। कुछ लोगों को टीका लगवाने के बावजूद भी COVID-19 बीमारी हो सकती है लेकिन उनकी बीमारी की गंभीरता कम होगी।

क्या टीके की दवा सुरक्षित है?

बड़े पैमाने पर दस हज़ार से अधिक लोगों पर किए गए चिकित्सीय परीक्षणों में COVID-19 के टीके AstraZeneca (ChAdOx1-S) की दवा सुरक्षित पाई गई है। विश्व भर में कई लाख लोगों को यह टीका लगाए जाने के बाद उनकी सुरक्षा की निगरानी की गई है। एनाफ़िलेक्सिस एक गंभीर एलर्जी की प्रतिक्रिया है जो टीका लगाने के शीघ्र बाद हो सकती है। COVID-19 का टीका AstraZeneca (ChAdOx1-S) लगवाने पर एनाफ़िलेक्सिस बहुत कम लोगों को होती है। यूनाइटेड किंगडम के टीके लगाए जाने के कार्यक्रम के अंतर्गत जनवरी 2021 तक COVID-19 के AstraZeneca (ChAdOx1-S) के दस लाख टीके लगाए जाने पर 1 व्यक्ति में ऐसी प्रतिक्रिया होने की रिपोर्ट मिली थी।

हाल ही में, दूसरे देशों से COVID-19 AstraZeneca का टीका लगवाने पर एक असामान्य और विशिष्ट प्रकार की ख़ून के थक्के बनने की बीमारी की रिपोर्टें आई हैं (सेरिब्रल वीनस साइनस थ्रोंबोसिस; सी वी एस टी)। अभी तक यह पता नहीं लग पाया है कि क्या यह समस्या टीका लगवाने के कारण हुई है। विदेशों में रिपोर्ट किए गए सी वी एस टी के मामले अधिकतर AstraZeneca का टीका लगवाने के 4 से 14 दिन बाद हुए हैं और बहुत ही कम संख्या में हुए हैं (दस लाख टीके लगाने पर अधिकतम 8 लोगों में)। यह जानने के लिए कि टीका लगाए जाने से इसका कोई संभावित संबंध है या नहीं, उन मरीज़ों पर अभी भी शोध जारी है। ऑस्ट्रेलिया में टीके से संबंधित सी वी एस टी का कोई भी मामला अब तक सामने नहीं आया है।

सभी बातों को ध्यान में रखते हुए, COVID-19 का टीका लगवाने के लाभ उसके इस संभावित ख़तरे से अधिक माने जा रहे हैं।

क्या टीका मेरे नज़दीकी लोगों को भी सुरक्षा प्रदान करेगा?

इस बात का प्रमाण इतना स्पष्ट नहीं है कि COVID-19 का टीका लगवाने पर आपके द्वारा विषाणु को फैलाने की संभावना किस हद तक कम होती है। ऐसी संभावना है कि जिस व्यक्ति ने टीका लगवाया है, यदि उसे संक्रमण होता है तो उसकी गंभीरता कम होगी और उसके द्वारा अपने मित्रों और परिवार के लोगों और यदि वे अधिक ख़तरे वाले किन्हीं लोगों की देख-रेख करते हैं, तो उनमें संक्रमण फैलाने की संभावना कम होगी। लेकिन, टीका लगवाने के बावजूद भी कुछ लोगों को कम गंभीर बीमारी हो सकती है या बिना लक्षणों का संक्रमण हो सकता है और उनसे यह विषाणु अन्य लोगों में फैल सकता है।

© NSW Ministry of Health. 25 March 2021

मुझे कौन-कौन से दुष्प्रभाव हो सकते हैं?

सभी दवाओं की तरह टीकों के भी दुष्प्रभाव हो सकते हैं। COVID-19 के टीके AstraZeneca (ChAdOx1-S) के दुष्प्रभाव आम तौर पर हलके या मध्यम दर्जे के और थोड़े से समय के लिए होते हैं और ये सब लोगों को होते भी नहीं। दुष्प्रभावों के कारण कुछ लोग अस्वस्थ महसूस कर सकते है लेकिन वे यह दर्शाते हैं कि संभवत: आपका प्रतिरक्षण तंत्र प्रतिक्रिया कर रहा है। दूसरी बार टीका लगवाने पर दुष्प्रभाव होने की संभावना कुछ कम होती है, और नौजवान लोगों में दुष्प्रभाव अधिक देखने में आते हैं।

टीका लगवाने के बाद के 1-2 दिनों में होने वाले आम दुष्प्रभावों में शामिल हैं:

- बाज़ू के जिस भाग में टीका लगा था वहाँ दर्द, संवेदनशीलता या उसके आस-पास सूजन होना
- थकान महसूस होना
- अस्वस्थ महसूस होना
- सरदर्द होना
- मांसपेशियों में हलका दर्द
- बुख़ार
- कंपकंपी होना
- जोड़ों में दर्द
- जी मिचलाना।

आम तौर पर ये लक्षण कुछ दिनों में ठीक हो जाते हैं। यदि टीका लगवाने के बाद आपको ऐसे कोई लक्षण महसूस हों तो आप paracetamol या ibuprofen की एक सामान्य ख़ुराक ले सकते हैं और आराम कर सकते हैं ताकि आप बेहतर महसूस करें। टीका लगवाने से पहले आपको ये दवाएँ नहीं लेनी चाहिएँ। यदि आपको इस बारे में चिंता है या बुख़ार जल्दी से ठीक नहीं होता है तो आप किसी डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं क्योंकि इसका यह मतलब भी हो सकता है कि आपको बुख़ार होने का कोई और कारण है।

किसी अन्य टीके की ही तरह यदि आपके लक्षण लगातार बने रहें और कुछ ही दिनों की बजाय अधिक समय तक रहें या बढ़ते दिखाई दें या आपको इस बारे में चिंता है तो कृपया अपने सामान्य स्वास्थ्य देख-भालकर्ता या टीका लगाने वाले से संपर्क करें।

यदि आप एक स्वास्थ्य देख-भाल व्यवसायी से सलाह लेते हैं तो यह सुनिश्चित करें कि आप उन्हें अपने टीके के बारे में बताएँ (उन्हें अपना टीका लगवाने का रिकॉर्ड दिखाएँ) ताकि वे आपका सही निदान कर सकें।

यदि आपको एस एम एस द्वारा टीका लगाए जाने के बाद का AusVaxSafety स्वैच्छिक सर्वेक्षण भेजा जाता है तो आप उसके माध्यम से संदिग्ध दुष्प्रभावों की रिपोर्ट कर सकते हैं या NPS MedicineWise की Adverse Medicine Events लाइन को **1300 134 237** पर (सोमवार से रविवार, प्रात: 8 बजे – सायं 8 बजे) फ़ोन कर सकते हैं, या TGA की वैबसाइट पर ऑनलाइन रिपोर्ट कर सकते हैं।

यदि पहला टीका लगवाने के बाद आपको कुछ आम दुष्प्रभाव होते भी हैं, तो भी आपको दूसरा टीका लगवाना चाहिए। हालाँकि पहले टीके से आपको कुछ सुरक्षा मिलनी चाहिए, यदि आप दूसरा टीका नहीं लगवाते हैं तो यह सुरक्षा शायद अधिक समय तक नहीं रहेगी। अधिक कारगर और लंबे समय की सुरक्षा के लिए आपके लिए दूसरा टीका लगवाना ज़रूरी है।

टीका किसे नहीं लगाया जा सकता?

बहुत थोड़े से लोगों को COVID-19 का टीका AstraZeneca (ChAdOx1-S) नहीं लगाया जा सकता – इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- ऐसे लोगों को जिन्हें इस दवा का पहला टीका लगाने से एनाफ़िलेक्सिस (एक तरह की गंभीर एलर्जी की प्रतिक्रिया) हुई हो
- ऐसे लोगों को जिन्हें पहले इस टीके में शामिल घटकों (इनमें पोलीज़ोरबेट 80 से बहुत विरले ही होने वाली एक एलर्जी शामिल है) में से किसी से एनाफ़िलेक्सिस हुई हो। टीके में शामिल घटकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद की जानकारी पढ़ें।
- वे लोग जिन्हें एक विशिष्ट प्रकार की मस्तिष्क की शिराओं में ख़ून के थक्के बनने संबंधी बीमारी हो चुकी है जिसे सेरिब्रल वीनस साइनस थ्रोंबोसिस (सी वी एस टी) कहते हैं, या जिन्हें हिपेरिन से इंडयूस्ड थ्रोंबोसाइटोपेनिया (एच आई टी) हो चुका है। एच आई टी एक रोग प्रतिरक्षण संबंधी समस्या है जो हिपेरिन से इलाज़ किए जाने पर होती है और प्लेटलेट्स (बिम्बाणु) जो कार्य करते हैं, उसको प्रभावित करती है।

जिन लोगों को अन्य चीज़ों से एलर्जी है, क्या वे COVID-19 का टीका AstraZeneca (ChAdOx1-S) लगवा सकते हैं?

एलर्जी से पीड़ित लगभग सभी लोगों को COVID-19 का टीका लगाया जा सकता है। इनमें भोजन से एलर्जी, दमा और हे-फीवर शामिल हैं। जिन लोगों को COVID-19 के किसी विशिष्ट ब्रांड की टीके की दवा या दवा के किसी घटक से पहले एनाफ़िलेक्सिस (एलर्जी की एक गंभीर प्रतिक्रिया) हो चुकी है उन्हें दोबारा उसी ब्रांड का टीका नहीं लगवाना चाहिए। यह संभव है कि उन्हें COVID-19 का किसी अन्य ब्रांड का टीका तब भी लगाया जा सके।

© NSW Ministry of Health. 25 March 2021

कुछ लोगों को टीका लगवाने से पहले कुछ सावधानियाँ बरतने की आवश्यकता हो सकती है, जैसे कि किसी एलर्जी विशेषज्ञ से मिलना, किसी ऐसे संस्थान में टीका लगवाना जहाँ चिकित्सीय कर्मचारी उपलब्ध हों और टीका लगवाने के बाद कम से कम 30 मिनट तक किसी की निगरानी में रहना।

ऐसा उन लोगों को करना होगा जिन्हें:

- COVID-19 का कोई टीका लगवाने पर पहले कोई एलर्जी होने का अंदेशा रहा हो
- COVID-19 के टीके में शामिल किसी घटक से कोई एलर्जी की प्रतिक्रिया (लेकिन एनाफ़िलेक्सिस नहीं) हुई हो
- किसी अन्य टीके की दवा या अन्य दवाई (इनमें इंजेक्शन द्वारा दी जाने वाली और खाने या पीने वाली दवाइयाँ शामिल हैं) से पहले एनाफ़िलेक्सिस हो चुकी हो और उस दवा में वे घटक थे जो COVID-19 के टीके में हैं (जैसे पोलीएथाइलीन ग्लाइकोल जो Comirnaty के टीके में है, या पोलीज़ोरबेट 80 जो COVID-19 के टीके AstraZeneca (ChAdOx1-S) में है)
- मास्ट सेल एक्टिवेशन डिसऑर्डर है।

यदि मुझे ख़ून के थक्के बनने संबंधी समस्या पहले हो चुकी है तो?

इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि जिन लोगों को पहले ख़ून के थक्के बनने संबंधी समस्या हो चुकी है, उन्हें COVID-19 का टीका लगाने से उनमें ख़ून के थक्के बनने संबंधी समस्या का ख़तरा सामान्य रूप से बढ़ जाता है। जिन लोगों को पहले ख़ून के थक्के बनने संबंधी समस्या हो चुकी है, उन्हें भी COVID-19 Astra-Zeneca टीका लगवाने की सिफ़ारिश की जाती है, सिवाय उन लोगों को जिन्हें ऊपर बताई गई सी वी एस टी या एच आई टी की विशिष्ट बीमारी है। ऐसा केवल सावधानी बरतने के लिए किया जा रहा है, जब तक हमें विदेशों में रिपोर्ट किए गए सी वी एस टी के मामलों की जाँच के बारे में और जानकारी प्राप्त नहीं हो जाती है।

जिन लोगों को पहले डीप वीनस थ्रोंबोसिस या पल्मोनरी एम्बोलिज़्म बीमारी हो चुकी है; वे लोग जिन्हें थ्रोंबोसिस का अधिक ख़तरा है (जैसे कि गर्भ निरोधक दवाएँ खाने वाले या धूम्रपान करने वाले); जिन लोगों को थ्रोंबोसाइटोपेनिया है (इसमें प्लेटलेट्स (बिम्बाणुओं) की संख्या कम होती है जो ख़ून का थक्का बनने के कारण हो सकता है); वे लोग जिन्हें ख़ून का थक्का बनने संबंधी कोई अन्य समस्या है; वे लोग जो ख़ून का थक्का न बने, इसके लिए दवाएँ ले रहे हैं (जैसे कि वारफारिन) और वे लोग जिन्हें हृदय और रक्त वाहिकाओं संबंधी बीमारियाँ हो चुकी हैं (जैसे कि हृदयाघात या पक्षाघात), वे सभी यह टीका लगवा सकते हैं।

और जिन लोगों को कोई अन्य चिकित्सीय समस्या है उनका क्या होगा?

नीचे दी गई कुछ चिकित्सीय समस्याओं या परिस्थितियों वाले व्यक्तियों को अपने स्वास्थ्य देख-भाल व्यवसायी या टीका लगाने वाले से COVID-19 का टीका लगवाने के बेहतरीन समय के बारे में बातचीत करनी चाहिए। हो सकता है कि आपको टीका अभी लगा दिया जाए, आपको सलाह दी जाए कि आप टीका बाद में लगवाएँ या आपको स्वयं इसका समय चुनने का अवसर दिया जाए। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- मिलने के समय से पहले आप अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं, या आपको बुख़ार है
- आप गर्भवती हैं
- आपको अत्यधिक रक्त बहने की कोई बीमारी है या आप रक्त को पतला करने की दवा ले रहे हैं
- आपका प्रतिरक्षण तंत्र कमज़ोर है या आप अपने प्रतिरक्षण तंत्र को नियंत्रित करने की दवा ले रहे हैं
- आपको COVID-19 बीमारी पहले हो चुकी है।

टीके की दवा में ऐसा विषाणु नहीं है जो आपके शरीर में अपनी संख्या बढ़ा सके, इसलिए यह उन लोगों के लिए सुरक्षित है जिन्हें प्रतिरक्षण तंत्र संबंधी कोई बीमारी है, पर हो सकता है कि उनमें यह कारगर न हो।

टीका लगवाने के लिए जाने से पहले या जब आप अपना पहला टीका लगवाने के लिए जाते हैं तो कृपया अपनी चिकित्सीय स्थिति और जो दवाएँ आप ले रहे हैं, उनके बारे में अपने स्वास्थ्य देख-भालकर्ता या टीका लगाने वाले से बातचीत करें।

यदि मैं गर्भवती हूँ, या मुझे लगता है कि शायद मैं गर्भवती हूँ या मैं स्तनपान करवा रही हूँ तो?

यदि आप स्तनपान करवा रही हैं तो आप COVID-19 का टीका AstraZeneca (ChAdOx1-S) लगवा सकती हैं। स्तनपान करवाने वाली स्त्रियों में इस टीके की सुरक्षा के बारे में कोई संभावित चिंता नहीं है।

यदि आप गर्भवती हैं तो आपको अपने स्वास्थ्य देख-भाल प्रदाता या टीका लगाने वाले से टीका लगवाने के बारे में बातचीत करनी चाहिए। अनेक नई दवाइयों और टीकों की ही तरह गर्भवती स्त्रियों में बड़े पैमाने पर इस टीके का परीक्षण अभी तक नहीं किया गया है। हर गर्भवती स्त्री को आम तौर पर यह टीका लगाने की सिफ़ारिश नहीं की जा सकती, लेकिन कुछ गर्भवती स्त्रियाँ जो यह समझती हैं कि उन्हें टीका लगवाने के लाभ उसके ख़तरों से अधिक हैं, वे टीका लगवा सकती हैं।

इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि जो स्त्रियाँ COVID19 का टीका लगवाने के बाद गर्भ धारण करती हैं, उन्हें गर्भ को प्रभावित करने वाली समस्याएँ होने या उनके शिशु के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने का ख़तरा अधिक होता है।

गर्भवती, स्तनपान कराने वाली और जो गर्भवती होने का प्रयास कर रही हैं, ऐसी स्त्रियों के लिए COVID-19 का टीका लगवाने का निर्णय लेने में सहायता देने के लिए जानकारी आपको यह फैसला करने में शायद सहायता करेगी कि गर्भ के दौरान COVID-19 का टीका लगवाना आपके लिए सही विकल्प है या नहीं।

© NSW Ministry of Health. 25 March 2021

यदि टीका लगवाने के बाद आपको पता चले कि आप गर्भवती हैं, तो आपको कोई भी परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं है, और आप गर्भ के दौरान की जाने वाली सामान्य देख-रेख करती रहें। टीके की दवा में ऐसा विषाणु नहीं है जो आपके शरीर में अपनी संख्या बढ़ा सके, इसलिए आपको या आपके शिशु को इससे संक्रमण नहीं हो सकता। जो स्त्रियाँ स्तनपान करवा रही हैं या गर्भ धारण करने की चेष्टा कर रही हैं उनके लिए यह टीका लगवाना सुरक्षित है।

क्या टीका लगवाने के बाद मैं काम पर जा सकता/सकती हूँ?

अधिकांश लोग टीका लगवाने के बाद काम पर जा सकते हैं क्योंकि उनमें हलके लक्षण ही उभरेंगे। यदि आपकी बाज़ू में पीड़ा होने लगती है तो आपको भारी वज़न उठाने में कठिनाई हो सकती है। यदि आप अस्वस्थ या बहुत थके हुए महसूस करें तो जब तक आप ठीक न हो जाएँ, घर पर रह कर ही आराम करें। टीका लगवाने के बाद के अधिकांश लक्षण 1-2 दिन में ठीक हो जाते हैं।

साँस लेने संबंधी लक्षण टीका लगवाने के कारण नहीं हो सकते, जैसे कि गले में ख़राश, खाँसी, नाक बहना या बंद होना, वस्तुओं का स्वाद या सुगंध महसूस न कर पाना या साँस फूलना। यदि आपको साँस संबंधी कोई भी लक्षण महसूस होने लगे तो आपको तुरंत COVID-19 के लिए जाँच करवानी चाहिए और जब तक इसका परिणाम नकारात्मक न आ जाए, आपको घर में ही अलगाव में रहना चाहिए। आपको अपने नियोक्ता को भी सूचित कर देना चाहिए।

यदि टीका लगवाने के बाद आपको अन्य लक्षण महसूस होने लगें जैसे कि थकान, सरदर्द, मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द, कंपकंपी होना या बुख़ार, परंतु साँस से संबंधित कोई लक्षण न हों, और ये लक्षण टीका लगवाने के 48 घंटे के भीतर समाप्त हो जाते हैं तो आपको COVID-19 के लिए जाँच करवाने या अपने घर में अलगाव में रहने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि लक्षण अपेक्षा से अधिक ख़राब हैं या पहले या दूसरे टीके के लगाए जाने के बाद 48 घंटे से अधिक समय के लिए रहें तो आपको COVID-19 के लिए जाँच करवानी चाहिए और जब तक इसका परिणाम नकारात्मक न आ जाए, आपको घर में ही अलगाव में रहना चाहिए। आपको अपने नियोक्ता को भी सूचित कर देना चाहिए और जाँच करवाने के बारे में स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य निर्देशों का पालन करना चाहिए, क्योंकि ये निर्देश समय के साथ-साथ बदल सकते हैं।

यदि टीका लगवाने के बाद मुझे साँस से संबंधित कोई लक्षण महसूस हों तो मुझे क्या करना चाहिए?	**मुझे क्या करना चाहिए?**
साँस से संबंधित लक्षणों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं: • खाँसी • गले में ख़राश • नाक बहना या बंद होना • वस्तुओं का स्वाद या सुगंध महसूस न कर पाना • साँस फूलना	टीका लगवाने के परिणाम के तौर पर आपको COVID-19 बीमारी नहीं हो सकती। लेकिन, ये लक्षण COVID-19 बीमारी के लक्षण हो सकते हैं, इसलिए आपको इस बीमारी की जाँच करवानी चाहिए और जब तक जाँच का परिणाम नकारात्मक न आ जाए, आपको घर में ही अलगाव में रहना चाहिए, इस बात से कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि आपने पिछले दो दिनों में टीका लगवाया था या नहीं।
टीका लगवाने के बाद यदि मुझे COVID-19 के कोई अन्य सामान्य लक्षण महसूस होने लगें तो?	**मुझे क्या करना चाहिए?**
टीका लगवाने के बाद के सामान्य लक्षण हलके या मध्यम दर्जे के हो सकते हैं, इनमें निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं: • थकान • सरदर्द • मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द • कंपकंपी होना या बुख़ार • जी मिचलाना कुछ लोगों को निम्नलिखित प्रभाव भी हो सकते हैं: • टीके के स्थान पर दर्द/सूजन होना • टीके के स्थान पर लाली होना	यदि आप अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं तो घर पर ही रहें। यदि टीका लगवाने के बाद आपको ऐसे कोई लक्षण महसूस हों तो आप paracetamol या ibuprofen की एक सामान्य ख़ुराक ले सकते हैं और आराम कर सकते हैं ताकि आप बेहतर महसूस करें। आपको COVID-19 के लिए जाँच करवाने की आवश्यकता नहीं है सिवाय इन परिस्थितियों में: • जब आपको साँस संबंधी कोई लक्षण महसूस होने लगें, जैसे खाँसी या गले में ख़राश, या • पहला या दूसरा टीका लगाए जाने के बाद के सामान्य लक्षण **48 घंटे से अधिक समय के लिए रहें**, या • टीका लगाए जाने के बाद आपको होने वाले सामान्य लक्षण अपेक्षा से अधिक गंभीर हों, या • आपसे कहा जाता है कि आप COVID-19 बीमारी से पीड़ित किसी व्यक्ति के संपर्क में आए हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य कर्मचारी आपको जाँच करवाने के लिए कहते हैं।

© NSW Ministry of Health. 25 March 2021

क्या मुझे टीका लगवाने के बाद भी COVID-19 हो सकती है?

कोई भी टीका पूरी तरह से कारगर नहीं होता, इसलिए यदि आपने टीका लगवा लिया है, तो भी आपको COVID-19 होने की संभावना रहेगी। पहला या दूसरा टीका लगवाने के तुरंत बाद के 48 घंटों के अलावा यदि आपको COVID-19 के सामान्य लक्षण दिखाई दें तो आपको COVID-19 के लिए जाँच करवानी चाहिए और जब तक इसका परिणाम नकारात्मक न आ जाए, आपको घर में ही रहना चाहिए। यदि आपको कभी भी साँस संबंधी कोई लक्षण महसूस होने लगें तो आपको जाँच करवानी चाहिए और तुरंत ही घर में ही अलगाव में रहना चाहिए।

क्या मुझे टीका लगवाने से COVID-19 या फ्लू हो सकते हैं?

टीका लगवाने से आपको COVID-19 या फ्लू नहीं हो सकते, लेकिन टीका लगवाने के तुरंत बाद के कुछ दिनों में आपको कुछ हलके लक्षण हो सकते हैं जैसे थकान, कंपकंपी होना और मांसपेशियों में दर्द। यदि आपके नियोक्ता ने आपके लिए नियमित रूप से COVID-19 की जाँचों का बंदोबस्त किया है तो वे जाँचें करवाते रहें।

मुझे किन परिस्थितियों में COVID-19 का टीका लगवाने के नियत समय पर नहीं जाना चाहिए?

आपको COVID-19 का टीका लगवाने के नियत समय पर नहीं जाना चाहिए यदि:

- आप इस समय गर्भवती हैं और आपने टीका लगवाने के बारे में किसी स्वास्थ्य देख-रेख प्रदाता से बात नहीं की है
- टीका प्रदाता या आपके सामान्य चिकित्सीय सेवा प्रदाता ने आपको इस समय COVID-19 का टीका लगवाने की मनाही की है
- अपने नियत समय से पहले के 14 दिनों में आपने कोई अन्य टीका, जैसे की फ्लू का टीका लगवाया है
- आप अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं या आपको बुख़ार है
- आपको ऐसे लक्षण हैं जो COVID-19 से हो सकते हैं, चाहे वे कितने भी हलके लक्षण हों
- आप पिछले 14 दिनों में किसी ऐसे स्थान पर गए थे जहाँ COVID-19 फैला हुआ था, किसी COVID-19 से ग्रस्त व्यक्ति के नज़दीक रहे हैं या अपनी COVID-19 जाँच के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

COVID-19 का टीका लगवाने के मेरे नियत समय पर मुझे क्या-क्या साथ लाना होगा?

- फ़ोटो वाला पहचान-पत्र और नियोक्ता द्वारा जारी किया गया पहचान-पत्र (यदि आप जो काम करते हैं, उसके आधार पर आपको टीका लगाया जा रहा है)
- आपका मेडिकेयर कार्ड, यदि वह आपको मिला हुआ है (आप उसके बिना भी टीका लगवा सकते हैं)
- आपको अगर कोई चिकित्सीय समस्या है तो उसकी जानकारी, विशेष रूप से यदि आपको कोई एलर्जी, रक्त बहने या रक्त का थक्का बनने संबंधी समस्या है या आप रक्त को पतला करने की दवा ले रहे हैं।
- यदि आपने पहले कभी COVID-19 का टीका लगवाया था तो उसकी जानकारी (टीके का ब्राण्ड और लगाए जाने की तिथि)।

पहला टीका लगवाने के बाद मुझे क्या करना चाहिए?

अपने दूसरे टीके के लिए नियत समय पर पहुँचने की तैयारी करें जो पहला टीका लगाए जाने के लगभग 12 सप्ताह बाद होगा। इतने अंतराल के बाद दूसरा टीका लगवाना महत्त्वपूर्ण है ताकि आपको प्रभावशाली और लंबे समय की सुरक्षा मिलने की संभावना सर्वाधिक हो।

यह सुनिश्चित करें की आप अपने दूसरे टीके के लगाए जाने के नियत समय पर वहाँ पहुँचें ताकि आपको प्रभावशाली सुरक्षा मिल सके।

यदि नियत समय वाले दिन मेरी तबीयत ख़राब है तो मुझे क्या करना चाहिए?

यदि नियत समय वाले दिन या उससे पहले के दिन आपकी तबीयत ख़राब है या आपको बुख़ार है तो यह बेहतर होगा की आप टीका लगवाने के लिए अपने ठीक हो जाने तक प्रतीक्षा करें। यदि दूसरा टीका लगवाने के नियत समय पर आप अस्वस्थ हैं तो जितनी जल्दी आपको दूसरा समय मिल सके आप उसे ले लें। यदि आप अपने घर में अलगाव में रह रहे हैं या अपनी COVID-19 की जाँच के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं तो आपको नियत समय पर टीका लगवाने नहीं जाना चाहिए।

क्या टीका लगवाने के बाद भी मुझे COVID-19 से बचने के बारे में दी गई सारी सलाह का पालन करना होगा?

दवा के दो टीके लगवाने से आपके COVID-19 के कारण गंभीर रूप से बीमार होने की संभावना कम हो जाएगी। कोई भी टीका पूरी तरह से कारगर नहीं होता। आपके शरीर को अपनी सुरक्षा बढ़ा पाने में कुछ सप्ताह लगेंगे।

आपको अपने कार्यस्थल पर दिए गए निर्देशों और सामान्य सार्वजनिक स्वास्थ्य निर्देशों का पालन करना होगा, इनमें सही व्यक्तिगत सुरक्षा का साज़-सामान पहनना और कार्यस्थल पर जाँच करवाने की प्रक्रिया में भाग लेना शामिल हैं।

अपनी, अपने परिवार और सहकर्मियों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए आपको COVID-19 से सुरक्षा के उपायों का कार्यस्थल पर, घर में और बाहर जाते समय पालन करते रहना चाहिए।

© NSW Ministry of Health. 25 March 2021

यदि मुझे फ्लू का टीका लग चुका है तो क्या मुझे COVID-19 का टीका लगवाने की आवश्यकता है?

जी हाँ। यदि आपको फ्लू का टीका लग चुका है तो भी आपको COVID-19 का टीका लगवाना चाहिए क्योंकि फ्लू का टीका आपको COVID-19 से सुरक्षा प्रदान नहीं करेगा। आम तौर पर फ्लू का टीका COVID के टीकों का कोर्स शुरू करने से कम से कम दो सप्ताह पहले या कोर्स समाप्त होने के दो सप्ताह बाद लगाया जाना चाहिए।

क्या मुझे अपने टीका लगाए जाने का रिकॉर्ड मिल सकता है?

COVID-19 के सभी टीकों का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलियन इम्युनाईज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में दर्ज किया जाएगा। राष्ट्रीय कानून के अंतर्गत ऐसा करना अनिवार्य है। जिन लोगों को COVID-19 का कोई टीका लग चुका है, वे अपने टीके का रिकॉर्ड मेडिकेयर, MyGov या MyHealthRecord पर ऑनलाइन देख सकते हैं।

अधिक जानकारी

अपने टीके के संभावित दुष्प्रभावों सहित उसके बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया उपभोक्ताओं के लिए चिकित्सीय जानकरी पढ़ें।

ऑस्ट्रेलियन सरकार के COVID-19 संसाधन भी उपलब्ध हैं।

यदि आपको COVID-19 के टीके के बारे में कोई चिंता है तो जहाँ तक संभव हो, टीका लगवाने के नियत समय से **पहले** उसके बारे में अपने सामान्य स्वास्थ्य देख-रेख या टीका प्रदाता से बातचीत करें।

© NSW Ministry of Health 2021. SHPN (HP NSW) 210183-6

© NSW Ministry of Health. 25 March 2021